# मरयानिष्ट परिवार को मजबूत और व्यापक बनाना



मरिया ने येसु को लाने का अच्छा लेकिन मुश्किल काम किया है अतः मरियानिष्ट समाज को बड़े उत्साह के साथ मरियम के उद्देश्यों को और आगे बढ़ाने को कहा गया है। आज हम अपनी कलीसिया के लिए एक अनोखा उपहार लाते हैं जो इस समय और इस स्थान पर व्यक्ति विशेष के लिए प्रगाढ़ संबंध, इच्छानूरूप एवं उत्सुकता से भरा हुआ है, जैसा कि धन्य शामिनाड ने हमें बोर्दो मरिया संगत के साथ सिखाया, मरियानिष्ट परिवार के निर्माण का काम, हमारे सभी सदस्यों के लिए जो हमारे आम मिशन में एक साथ काम करते तथा सभी धार्मिक लोगों के लिए कीमती समय और उपहार की माँग करता है।

अगले कई वर्षों में यह मेरी आशा और गहरी इच्छा है कि हम समुदाय में जीवंत और विश्वास से भरे समुदाय का निर्माण करें। यह व्यवहारिक और यर्थाथपूर्ण दृष्टिकोण से कैसा दिखता है? जैसा कि हमने धन्य शामिनाड, धन्य Adele और आदरणीय Marie Therese से सीखा, हमें निम्न बातें करनी चाहिए:

- जब भी, जहाँ भी और जैसे भी हो हम दृढ़ता से बातचीत के लिए हमेशा मौजूद रहें।
- मौजूदा पहल में हमारे पड़ोसियों के साथ साझेदारी या हमारे समुदायों की जरूरत एवं जोश से मेल खाने वाले लोगों के साथ शुरू करना।
- हमारे हाई स्कूलों और कॉलेजों में युवा अयाजक मरयानिष्ट के साथ जोड़ना जो अपनी जरूरतों को पुरा करते हैं और अपने परिवार में नया जीवन लाते हैं।
- हमारे उद्देश्यों के लिए एक समय की प्रतिबद्धताओं से लेकर हमारे मिशन के लिए चल रही सेवा तक की भूमिकाओं में मरियानिष्ट परिवार की सेवा में हमारे उपहारों की पेशकश किया है।
- सभी अयाजक समुदाय एवं धार्मिक सदस्यों ने संयुक्त रूप से, तथा सम्पूर्ण रूप से और जीवनभर शिक्षा, आध्यात्मिक, आत्मिक, और अनुभावनात्मक भाग को साथ लेकर निर्माण के लिए वचनबद्ध है।
- मरियानिष्ट परिवार काउंसिल में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से मरियानिष्ट परिवार की शाखाओं के बीच संबंध जारी रखें। हमारे द्वारा स्थानीय सम्बंधों का परिवार में बड़े पैमाने में प्रभाव पड़ता है।

22 फरवरी, 2006 को मरियानिष्ट अयाजक समुदाय को एक निजी संघ की विश्वसनीयता के रूप में विहित मान्यता प्राप्त हुई। यह महत्त्वपूर्ण है। यही कारण है यह आवश्यक है कि हमारे पास निरंतर सामान्य निर्माण कार्य हो, हमारी पहली बातचीत मरियानिष्ट परिवार के साथ चल रहे गठन के माध्यम से हो क्योंकि इससे हम परिपक्व होते हैं और परिवार और कलीसिया में हमारी भूमिका को अधिक गहराई से समझ पाते हैं।

हममें से प्रत्येक की मेज पर एक जगह है। एक साथ समुदाय में, हमारी बातचीत और हमारे द्वारा बनाए गये रिश्तें ईश्वर की उपस्थिति में पवित्रता की ओर ले जाते हैं। हमलोग छोटे समुदायों से बड़े हैं और यह हम सभी मरियानिष्ट परिवार को गहनता और व्यापकता के साथ आगे ले जाएगा।

## भविष्य के लिए MLC-NA योजना के रूप में आपकी आवाज़ की आवश्यकता है

मरियानिष्ट, व्यक्तियों एवं समुदायों में सभी निरंतर विवेक के साथ काम करते हैं। विवेक की यह सक्रिय प्रक्रिया हमें समय के संकेतों की व्याख्या करने के लिए सक्षम बनाते हैं। ताकि हम अच्छे तरीके से अपने धार्मिक जीवन जी सके और ईश्वरीय बुलाहट को संसार में पुरा कर सके। ज्ञान जो हम एक–दूसरे से सीखते हैं वह हमें सही स्वरूप देने के साथ–साथ हमें भविष्य के लिए योजना बनाने के लिए हमारा मार्गदर्शन करता है।

एक अयाजक मरियानिष्ट है जो जानता है, प्रतिबद्ध है, और जो मरियानिष्ट धर्मसेवा करता है। मरियानिष्ट समाज विभिन्न तरीकों से अपनी मरियानिष्ट पहचान को व्यक्त करता है, प्रत्येक अभिव्यक्ति से हमारे बपतिस्मा, बुलाहट की प्रतिक्रिया का स्वागत एवं सम्मान मिलता है। मरियानिष्ट लोकधर्मी व्यक्ति के रूप में आप कैसे रहते हैं और अपने कामों को कैसे व्यक्त करते हैं?

जैसा कि आप जानते हैं, उत्तरी अमेरिका के मरियानिष्ट अयाजक समुदाय (एम.एल.सी–एन.ए) संचालन परिषद् ने मरियानिष्ट और मरियानिष्ट अयाजक समुदायों को आमंत्रित किया है ताकि वें इस वर्ष अपनी सूझ–बूझ से मरियानिष्ट धर्म सेवा की हमारी समझ को गहरा करने के लिए और पूरे उत्तरी अमेरिका में, अन्य अयाजक मरियानिष्ट के साथ जुड़ने के लिए साझा कर सकें।

मरियानिष्ट लोकधर्मी सदस्यों द्वारा लिखी गई अनुखण्ड व्यक्तियों और समुदायों को प्रार्थना, प्रतिबिंबित करने और चर्चा करने के लिए एक सामान्य ढ़ांचा प्रदान करता है। और बतलाता है कि कैसे मरियानिष्ट धर्मसेवा हमारे व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास को प्रभावित करता है। यह आम नींव को समझने के लिए एक मरियानिष्ट अयाजक समुदाय के अंर्तगत, एक अयाजक मरियानिष्ट का होना आवश्यक है क्योंकि हम एक मरियानिष्ट परिवार के सदस्यों के रूप में अपने कामों को भविष्य की ओर संचालित करते हैं।

जैसा ही हम वर्ष में प्रत्येक अनुखण्ड के विषय पर ध्यान केंद्रित करते हैं, अपनी प्रतिक्रियाएं और अंर्तदृष्टि ऑनलाइन सर्वेक्षण और ज़ूम कॉल( Zoom calls) के माध्यम से साझा की जानेवाली ज्ञान को छह महत्वपूर्ण विषयों में समेटा गया हैः

- आर्दश / अनुभव
- मरियानिष्ट परिवार का उपहार
- दुनिया में रहने के उदाहरण
- आवश्यक जरूरतें
- भविष्य दूरदर्शिता
- तरक्की और विकास

इन विषयों के माध्यम से प्राप्त आपका सुझाव और ज्ञान एम.एल.सी–एन.ए के कार्यों को सूचित और मार्गदर्शन करेगा, जैसा कि हम मरियानिष्ट समाज के लिए भविष्य की दिशाएँ विकसित करना जारी रखते हैं। साझा विचार–विमर्श सर्वेक्षण के वर्ष के लिए आपके प्रतिबिंब और प्रतिक्रियाएं सीधे इस काम को प्रभावित करेंगी। आप साझा विच्छेद अनुखण्ड, प्रार्थना, पढ़ने, प्रतिबिंब, और सबसे महत्वपूर्ण बात, सर्वेक्षण वर्ष के Year of Share Discernment(साझा विवेक) में पा सकते हैं। हमें अपने कार्यस्थल में तथा हमारी चर्चाओं में आपके स्वर की आवश्यकता है।

आप ने और आपके समुदाय ने सर्वेक्षणों के माध्यम से क्या साझा किया है, उससे हमारी रणनीतिक योजना का मार्गदर्शन करेंगे ताकि मरियानिष्ट लोकधर्मी शाखा और मरियानिष्ट परिवार की वृद्धि और जीवन शक्ति सुनिश्चित हो सके? मरियानिष्ट धर्म सेवा के बारे में आप क्या जानते हैं, कैसे जीते हैं, किस प्रकार धार्मिक सेवा के लिए वचनबद्ध हैं? मरियानिष्ट परिवार में आज आप किस प्रकार मरियानिष्ट धर्मसेवा की गवाही देते हैं? इस बात को जानने के लिए हम इन्तिजार नही कर पा रहे हैं!